गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 का स्वागत किया

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा "शिक्षा किसी भी राष्ट्र की नींव है और पिछले 34 वर्षों से भारत को इस परिवर्तन की प्रतीक्षा थी। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉक्टर रमेश पोखरियाल निशंक के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ, यह ऐतिहासिक निर्णय न्यू इंडिया के निर्माण में अभूतपूर्व भूमिका निभाएगा"

यह नीति भारतीय शिक्षा व्यवस्था के इतिहास में एक उल्लेखनीय दिन है, यह स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों में आवश्यक ऐतिहासिक सुधार लाएगी

"अपनी संस्कृति और मूल्यों का त्याग कर दुनिया में कोई भी देश उत्कृष्ट नहीं बन सकता। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 'नई शिक्षा नीति 2020' का उद्देश्य सभी को भारतीय लोकाचार पर आधारित उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाना है जो भारत को फिर से वैश्विक ज्ञान की महाशक्ति बना सके"- श्री अमित शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा "नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य समग्र और बहुविषयी दृष्टिकोण के द्वारा भारतीय शिक्षा व्यवस्था में विशाल संरचनात्मक परिवर्तन लाना है। विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करने से देशभर के बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा"

प्रविष्टि तिथि: 29 JUL 2020 5:30PM by PIB Delhi

> No nation in the world can excel by giving up its culture & values.
>
> The aim of PM @NarendraModi's #NEP2020 is to create an education system which is deeply rooted in Indian ethos and can rebuild India as a global knowledge superpower, by providing high-quality education to all.
>
> — Amit Shah (@AmitShah) July 29, 2020

> Modi govt's #NEP2020 ensures that quality education will reach students of every section of the society, a special joint task force will be constituted to ensure the same. To increase the Gross Enrolment Ratio (GER) in higher education, continuous & strategic steps will be taken.
>
> — Amit Shah (@AmitShah) July 29, 2020

> #NEP2020 brings in various features like 5+3+3+4 system in school education, introduction of new 4-year courses, single point common regulatory system, fee fixation & common norms within board regulatory framework; along with multiple entry & exit points in higher education.
>
> — Amit Shah (@AmitShah) July 29, 2020

> #NEP2020 will also have the provision of academic credit bank, increased investment in education system, internationalism of education, special education zone for disadvantaged regions, upgradation of KGBV's to 12 grade and an increased focus on Lok Vidya & the use of technology.
>
> — Amit Shah (@AmitShah) July 29, 2020

> Objective of National Education Policy 2020 is to bring in a huge transformational change in the Indian Education system through holistic and multidisciplinary approaches.
> Focus on different aspects will lead to the overall development of the children across the country. #NEP2020
>
> — Amit Shah (@AmitShah) July 29, 2020

> Education is the foundation of any nation and for the last 34 years, India was in dire need of such a futuristic policy.
>
> I express my gratitude to PM @NarendraModi & @DrRPNishank on this landmark policy decision which will play an unprecedented role in building of a #NewIndia.
>
> — Amit Shah (@AmitShah) July 29, 2020

*****

एनडब्ल्यू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी

(रिलीज़ आईडी: 1642088) आगंतुक पटल : 113

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Manipuri , Punjabi , Gujarati , Odia , Tamil , Telugu

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने नई शिक्षा नीति का स्वागत करते हुए इसे भारतीय शिक्षा व्यवस्था के इतिहास में एक वास्तविक असाधारण दिन बताया है। अपने ट्वीट संदेश में श्री अमित शाह ने कहा कि "प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज 21 वी शताब्दी के लिए 'नई शिक्षा नीति 2020' को मंजूरी दी है। यह स्कूल और उच्च शिक्षा दोनों में आवश्यक ऐतिहासिक सुधार लाएगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि "अपनी संस्कृति और मूल्यों को छोड़ कर दुनिया में कोई भी देश उत्कृष्ट नहीं बन सकता। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 'नई शिक्षा नीति 2020' का उद्देश्य सभी को भारतीय लोकाचार पर आधारित उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान कर ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाना है जो भारत को फिर से वैश्विक ज्ञान की महाशक्ति बना सके"।

उन्होने कहा कि "मोदी सरकार की 'नई शिक्षा नीति 2020' यह सुनिश्चित करेगी कि समाज के हर वर्ग के छात्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचे और इसके लिए एक विशेष ज्वाइंट टास्क फोर्स बनाई जाएगी। उच्च शिक्षा में दाखिला लेने वालों की कुल संख्या बढ़ाने के लिए निरंतर कदम उठाए जाएंगे"।

श्री अमित शाह ने यह भी कहा कि 'नई शिक्षा नीति 2020' में स्कूल शिक्षा में 5+3+3+4 व्यवस्था, 4 साल के नए कोर्सेस की शुरुआत, सिंगल पॉइंट कॉमन रेग्युलेटरी सिस्टम, फीस स्थिरीकरण और बोर्ड नियामक व्यवस्था के अंतर्गत सामान्य मानक के साथ ही उच्च शिक्षा में मल्टिपल एंट्री और एक्ज़िट पॉइंट्स जैसी अनेक विशेषताएँ है"। .

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 'नई शिक्षा नीति 2020' में अकैडमिक क्रेडिट बैंक, शिक्षा व्यवस्था में निवेश बढ़ाना, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयवाद, सुविधाहीन क्षेत्रों के लिए विशेष शिक्षा क्षेत्र, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालियों को 12 वीं तक करना और लोक विद्या पर अधिक ध्यान तथा तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने का भी प्रावधान होगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि "नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य समग्र और बहुविषयी दृष्टिकोण के द्वारा भारतीय शिक्षा व्यवस्था में विशाल संरचनात्मक परिवर्तन लाना है। विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केन्द्रित करने से देशभर के बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा"।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा कि "शिक्षा किसी भी राष्ट्र की नींव है और पिछले 34 वर्षों से भारत को इस परिवर्तन की प्रतीक्षा थी। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉक्टर रमेश पोखरियाल निशंक के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ, यह ऐतिहासिक निर्णय न्यू इंडिया के निर्माण में अभूतपूर्व भूमिका निभाएगा"।

Amit Shah
@AmitShah

A truly remarkable day in the history of Indian education system!

Under the visionary leadership of PM @narendramodi ji, Union Cabinet today approved 'New Education Policy 2020' for the 21st century. This brings in much needed historic reforms in both School & Higher Education.

6:54 PM · Jul 29, 2020

46.9K 7.4K people are Tweeting about this